आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.04.2025 समय : 1850

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– सिविल सेवकों की भूमिका ने नागरिकों की भलाई और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- स्पाडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग आज सफलतापूर्वक पूरी हो गई है।
- राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में लाईट एंड साउंड शो आज से स्थगित किया गया है।
- केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की कलकत्ता बेंच की ओर से अट्ठाईस अप्रैल से सर्किट कोर्ट का आयोजन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सिविल सेवा दिवस पर सभी सिविल सेवकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा, नीति निर्माण और उसके क्रियान्वयन में सिविल सेवकों की भूमिका ने नागरिकों की भलाई और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सिविल सेवक राष्ट्र को उसके महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्रभावी शासन में नए मानक स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों के सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है और जो फैसले ले रही है, वे अगले हजार वर्षों के भविष्य को आकार देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाना शासन की कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार देश का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग – स्पाडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग आज सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अगले दो सप्ताह में ऐसे और प्रयोग किये जाने की योजना है। भारत द्वारा छोड़े गये कुछ उपग्रहों को इस साल 16 जनवरी को पहली बार सफलतापूर्वक आपस में जोड़ा गया था और इन्हें 13 मार्च को सफलतापूर्वक अलग किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विद्युत विभाग ने अपने परिसर में 'रूफटॉप सोलर सिस्टम' स्थापित करने के इच्छुक उपभोक्ताओं की सहायता के लिए पूछे जाने वाले प्रश्नों का एक व्यापक सेट प्रकाशित किया है। इन एफ ए क्यू में पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी विवरण, नेट मीटरिंग और रख–रखाव जिम्मेदारी आदि सहित कई विषयों को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य आर टी एस संयंत्रों की स्थापना के लिए बुनियादी जानकारी प्रदान करके उपभोक्ताओं को जागरूक करना है। आम जनता और उपभोक्ताओं के लिए एफ ए क्यू विद्युत विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में लाईट एंड साउंड शो आज से अगली सूचना तक के लिए स्थगित किया गया है। इस आशय की जानकारी सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

<><><><><><>

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की कलकत्ता बेंच की ओर से श्री विजयपुरम में अट्ठाईस अप्रैल से दो मई तक सर्किट कोर्ट लगेगी। इसमें नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें सरकारी वकील से दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे सुनवाई के दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने नोडल अधिकारियों को कैट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने ए एन एम छात्रों के प्रवेश के लिए संशोधित दिशा–निर्देशों के अनुसार सीटों के वर्गीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अनुसार जनजातीय श्रेणी के लिए बीस प्रतिशत आरक्षण के तहत चार सीटें, प्रतिनियुक्ति एवं केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी, ट्रांसफर के साथ के लिए दस प्रतिशत यानी दो सीटें, सेटलर श्रेणी को पचास प्रतिशत आरक्षण के तहत दस सीटें और अन्य स्थानीय निवासी, जो इन श्रेणियों में नहीं है, उनके लिए बीस प्रतिशत यानी चार सीटें रखी गई है। इसके अलावा सामान्य श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए दस प्रतिशत यानी दो अतिरिक्त सीटें रखी गई है। इस प्रकार कुल बाईस सीटें निर्धारित की गई है।

<><><><><><>

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। अट्टम पहाड़ के बालिका निकेतन और फरारगंज के अभ्युदय कॉम्प्लेक्स में स्थित विशेष अडोप्शन एजेंसी में अनुबंध के आधार पर ये नियुक्ति की जाएंगी। इसमें प्रबंधक और समन्वयक के दो पद, सोशल वर्कर–कम–अर्ली चाइल्डहुड एजेकेटर के दो पद, नर्स और पार्ट टाईम डॉक्टर के दो–दो पद, आया के बारह पद और चौकीदार के दो पद शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार इक्कीस मई तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन समाज कल्याण निदेशालय के पते पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से आगामी जून–2025 टीईई परीक्षा के लिए ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के 28 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 29 अप्रैल से 04 मई तक 1100–/ के विलंब शुल्क के साथ भरा जा सकता है। जून–2025 टीईई के लिए परीक्षा का संभावित कार्यक्रम इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लड़कों के अंडर–17 और अंडर–15 तथा लड़कियों की अंडर–17 टीम के लिए अंतर विद्यालय फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज गर्ल्स स्कूल मैदान, भातू बस्ती स्कूल मैदान और जंगलीघाट स्कूल मैदान में कुल ग्यारह मैच खेले गए।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी नगर परिषद चुनाव 2025–26 के लिए तेलुगु देशम पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए आम सहमति जताई है। पार्षदों और संबंधित नेताओं के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के हिस्से के रूप में और समान मूल्यों और विकास लक्ष्यों को साझा करते हुए, भाजपा पार्षद टीडीपी की उम्मीदवारी को अपना समर्थन देंगे। इस आशय की जानकारी भाजपा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक कार निकोबार में उनसठ मिलीमीटर, हटबे में इकतालीस दशमलव छः, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तैंतीस दशमलव छः, लांग आइलैंड में पांच दशमलव दो, मायाबंदर में चार दशमलव छः, हटबे में तीन और श्री विजयपुरम में एक दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले तीन दिनों के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

<><><><><><><>